प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
प्रादेशिक समाचार

28.6.2024 **18:00 बजे**

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर कुलपति की नियुक्ति सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कुलपतियों की नियुक्ति संबंधी बिल पर शुरू हुए विवाद को लेकर राज्यपाल के समक्ष अपनी बात रखी। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में किसी भी मंत्री या विधायक के शामिल न होने और कुलपतियों की नियुक्तियों को लेकर कृषि मंत्री द्वारा दिए गए बयान पर नाराज़गी जताई थी और मुख्यमंत्री ने इन सभी मुद्दों को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद की कमी के कारण ही ऐसा हुआ है और भविष्य में राज्यपाल के साथ संवाद को बेहतर बनाया जाएगा ताकि इस तरह की गलतफहमी न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर भी जल्द फैसला लेगी। मुख्यमंत्री ने आने वाले दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए सभी विभागों को सतर्क रहने और आपसी तालमेल से काम करने के निर्देश दिए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से भी एहतियात बरतने और नदी–नालों के समीप न जाने की अपील की है। कानून व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिलासपुर की घटना को लेकर कानून के तहत काम कर रही है और कानून के साथ खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर प्रदेश की सड़क परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिमला–मटौर राष्ट्रीय राजमार्ग को टू–लेन की बजाए फोरलेन के रूप में निर्मित करने का मामला पहले ही केंद्रीय मंत्री के साथ उठाया है। विक्रमादित्य सिंह ने नितिन गडकरी से राष्ट्रीय उच्च मार्गों को एक समान उन्नयन के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी करने का आग्रह किया। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि उनके आग्रह पर केंद्रीय मंत्री ने शिमला जिले में केंद्रीय सड़क व अवसंरचना निधि के तहत खमाड़ी–टिक्कर सड़क के लिए 20 करोड़ रूपए मंजूर किए। इसके लिए विक्रमादित्य सिंह ने नितिन गडकरी का आभार जताया है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़कों की मुरम्मत के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा घोषित एक सौ 50 करोड़ रूपए की राशि जल्द जारी करने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में मॉनसून को ध्यान में रखते हुए ये राशि महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया।

मानवाधिकार आयोग

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रतिवेदक डॉक्टर अशोक कुमार वर्मा ने आज किन्नौर जिले में कल्पा उपजेल का दौरा कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों से संवाद किया और उन्हें प्रशासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

बाद में अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक सृष्टि पांडे से जिले में असंगठित क्षेत्र में कार्यरत्त प्रवासी मजदूरों को श्रम कानून के तहत प्रदान की जा रही सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल रिकांगपिओ का दौरा भी किया और अस्पताल प्रशासन से मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 30 जून को आकाशवाणी के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। मासिक रेडियो कार्यक्रम की ये एक सौ 11वीं कड़ी होगी। इसके लिए प्रधानमंत्री ने लोगों से सुझाव मांगे हैं। लोग मॉय गोव् ओपन फोरम, नमो एप या टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 पर रिकार्ड संदेश के रूप में अपने सुझाव भेज सकते हैं।

चमेरा बांध

चंबा जिले के बग्गा स्थित चमेरा चरण–2 के बांध में गाद की मात्रा बढ़ने के कारण 30 जून को रात 11 बजे से पहली जुलाई दोपहर तीन बजे तक बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा जाएगा। ऐसे में बांध के निचले हिस्सों में रावी नदी में पानी बढ़ने की आशंका है। चमेरा पावर स्टेशन के महाप्रबंधक ने लोगों से इस दौरान एहतियात बरतने और नदी के किनारे न जाने की अपील की है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले 24 घंटों में मॉनसून की पहली भारी वर्षा हुई। इस वर्षा से एक ओर जहां लम्बे समय से चला आ रहा सूखे का दौर समाप्त हो गया है वहीं खरीफ फसलों की बिजाई के लिए भी खेतों को पर्याप्त नमी मिल गई है। इस वर्षा से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। राज्य के अनेक स्थानों पर वर्षा से मलवा गिरने और सड़के अवरूद्ध होने का भी समाचार है। राजधानी शिमला के मलयाणा में भारी वर्षा के कारण पत्थर व मलबा गिरने से चार गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं।

———————————————